नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 10/2021
Dt- 04-01-2021

आदरणीय मंत्री महोदय,

विषयः— **बिहार के मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर में अवस्थित कमला नदी रिवर फ्रंट बनाने के संबंध में।**

बिहार के उत्तरी इलाका को (मिथिला) को नदियो का साम्राज्य एवं बाढ़ प्रभावित इलाका भी माना जाता है, जहाँ यह क्षेत्र नदियों की तलहटी में बसा हुआ है। यहां कोशी, बागमती, कमला आदि अनेकों छोटी—बड़ी नदियाँ हैं, जिसे विकसित कर एक नया रूप दिया जा सकता है।

मिथिला की ह्रदयस्थली मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर में **कमला नदी के तट को रिवर फ्रंट** का रूप दिया जाए तो एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो सकता है। पोरबंदर से सिलचर (ईस्ट वेस्ट कोरीडोर) के मध्य एन.एच—57 पर स्थित झंझारपुर में कमला नदी की अनुपम छटा देखते बनती है। प्रायः हर पर्व में इस इलाके के प्राकृतिक सौन्दर्य को देखने के लिए दूर—दूर से लोगो का आना—जाना लगा रहता है। धार्मिक रूप से कार्तिक पूर्णिमा के दिन यहाँ मेला के सदृश हजारों—हजार व्यक्ति स्नान करने आते है।

रेल मंत्रालय ने झंझारपुर क्षेत्र में रेलवे की योजनाओं को पूर्णरूपेण साकार कर एक नया आयाम दिया है, जो कि आवागमन का मुख्य साधन है। झंझारपुर से कोशी महासेतु की दूरी 40 किलो मीटर है। ज्ञात हो कि वर्ष 2020 के सितम्बर माह में माननीय प्रधानमंत्री महोदय के द्वारा कोशी महासेतु का लोकार्पण भी किया गया है।

आयाची एवं वाचस्पति की तपोभूमि कमला नदी निरंतर अपनी खुबसुरती के लिए प्रसिद्ध है। झंझारपुर में कमला नदी पर रिवर फ्रंट का निर्माण, गोपालगंज जिला के नारायणी नदी पर बन रहें रिवर फ्रंट की तरह मिथिला को भी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने का एक मुकाम मिल जायेगा। यहां जहाँ कमला नदी के किनारे घाटों का निर्माण, अनेकों पार्क बनेंगे, रंग—बिरंगे फुल अपनी छटा बिखेरेंगे एवं नैनिहाल बच्चों के खेलने के लिए प्रयाप्त सुविधा मिलेगी।

झंझारपुर में कमला नदी रिवर फ्रंट देश—विदेश के पर्यटन सैलानियों के आकर्षण का प्रमुख केन्द्र होगा, जिससे मिथिला में रोजगार के एक नव माध्यम का सृजन होगा।

अतएव अनुरोध है कि ''आत्मनिर्भर भारत'' के साथ—साथ ''आत्मनिर्भर बिहार'' बनने की दिशा में झंझारपुर में कमला नदी रिवर फ्रंट का निर्माण करने हेतु समुचित कारवाई करना चाहेंगे।

नव वर्ष की मंगलकामनाओं के साथ!

आदर,

सेवा में,

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत
माननीय मंत्री
जल शक्ति मंत्रालय,
भारत सरकार

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in